बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

वि.सं. 05/2019 सहायक वन संरक्षक (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा के ई–प्रवेश पत्र में अपलोड किये गये फोटो/हस्ताक्षर अस्पष्ट/अपठनीय या रिक्त होने कि स्थिति में आवश्यक निर्देश

वि.सं. 05/2019 के अभ्यर्थियों द्वारा उनके ऑनलाईन आवेदन में प्रदत्त सूचना के आधार पर आयोग द्वारा अपलोड किये गये ई–प्रवेश पत्र में फोटो एवं हस्ताक्षर अस्पष्ट/अपठनीय या रिक्त हो सकते हैं।

वैसे उम्मीदवार जिनके ई–प्रवेश पत्र में फोटो एवं हस्ताक्षर अस्पष्ट/अपठनीय या रिक्त हैं, उन्हें निदेश दिया जाता है कि :–

1. अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध घोषणा पत्र को डाउनलोड करेंगे एवं पूर्ण रूप से भरकर उसके निर्दिष्ट स्थान पर किसी राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित अद्यतन रंगीन फोटो चिपकाऐंगे एवं निर्दिष्ट स्थान पर अपना हस्ताक्षर हिन्दी एवं अंग्रेजी में करना सुनिश्चित करेंगे। पूर्णरूपेण भरे गये घोषणा पत्र को दिनांक 01.12.2020 को संबंधित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।
2. अभ्यर्थी राजपत्रित पदाधिकारी से दो रंगीन अद्यतन फोटो को अभिप्रमाणित करवायेंगे, जिसमें से एक फोटो अभ्यर्थी अपने ई-प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट स्थान के बगल में चिपकाऐंगे। दूसरा फोटो ई-प्रवेश पत्र के कार्यालय प्रति में संबंधित परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राधीक्षक के समक्ष चिपकाऐंगे।
3. अभ्यर्थी आई॰ डी॰ प्रूफ यथा–पैन कार्ड/आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आई॰ डी॰ कार्ड इत्यादि में से किसी एक की छायाप्रति, जो राजपत्रित पदाधिकारी से अभिप्रमाणित हो, को केन्द्राधीक्षक के पास निश्चित रूप से समर्पित/जमा करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त पहचान–पत्र की मूल प्रति अभ्यर्थी अपने साथ भी रखना सुनिश्चित करेंगे।

25.11.20

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना